भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *294

दिनांक 07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डे केयर कैंसर सेंटर

***294. श्री केसिनेनी शिवनाथ:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए गए हैं/स्थापित किए जाने का विचार है;

(ख) देश में राज्य-वार और जिला-वार कितने डे केयर कैंसर सेंटर चल रहे हैं;

(ग) आंध्र प्रदेश में डे केयर कैंसर सेंटरों (डीसीसीसी) के लिए आवंटित और जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या देश में और अनेक डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 07 अगस्त, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *294 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): केंद्रीय बजट 2025–26 में की गई घोषणा के अनुसार, देशभर के जिला अस्पतालों में तीन वर्षों की अवधि के भीतर डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित किए जाने की परिकल्पना की गई थी।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देशभर में 524 डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) कार्यशील हैं। इनका राज्यवार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में, 14 डीसीसीसी की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। प्रत्येक डीसीसीसी की प्रारंभिक स्थापना के लिए 2.40 करोड़ रु. की राशि की अनुमति दी गई है तथा दूसरे वर्ष से आगे प्रति वर्ष 1.49 करोड़ रु. की राशि की अनुमति दी गई है। आंध्र प्रदेश राज्य में कुल 23 डीसीसीसी कार्यशील हैं।

डीसीसीसी की आवश्यकता का आकलन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अंतराल विश्लेषण के माध्यम से किया जाता है और इसे राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों में दर्शाया जाता है। यदि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अतिरिक्त डीसीसीसी का प्रस्ताव देते हैं, तो निर्धारित मानकों के अनुसार उन प्रस्तावों की जांच की जाती है। तदनुसार, 313 डीसीसीसी स्वीकृत किए गए हैं।

अनुलग्नक-I

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कार्यशील डीसीसीसी की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
2	आंध्र प्रदेश	23
3	अरुणाचल प्रदेश	1
4	असम	6
5	बिहार	32
6	चंडीगढ़	0
7	छत्तीसगढ़	26
8	दिल्ली	6
9	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	2
10	गोवा	2
11	गुजरात	36
12	हरियाणा	10
13	हिमाचल प्रदेश	13
14	जम्मू और कश्मीर	12
15	झारखंड	0
16	कर्नाटक	16
17	केरल	28
18	लद्दाख	2
19	लक्षद्वीप	1
20	मध्य प्रदेश	52
21	महाराष्ट्र	9
22	मणिपुर	8
23	मेघालय	4
24	मिजोरम	2
25	नागालैंड	5
26	ओडिशा	32
27	पुदुच्चेरी	0
28	पंजाब	7
29	राजस्थान	41
30	सिक्किम	0
31	तमिलनाडु	38
32	तेलंगाना	34
33	त्रिपुरा	3
34	उत्तर प्रदेश	21
35	उत्तराखंड	13
36	पश्चिम बंगाल	38
	कुल	524

*****